बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सुपर स्पेशलिटी सेंटर
डा. मोहित गुप्ता
M.Ch., Neurosurgery (AIIMS)
Senior Consultant Neurosurgeon
मस्तिष्क, रीढ़ एवं नस रोग विशेषज्ञ
Reg. No. UPMCI 65389
समय - प्रातः 10 से 12:30 बजे तक एवं सायं 6 से 8:30 बजे तक
अब डॉ. मोहित गुप्ता रविवार को भी मिलेंगे प्रातः 10 से दोपहर 1 बजे तक
सुविधायें
ब्रेन हैमरेज | स्लिप डिस्क
ब्रेन ट्यूमर | मिर्गी का दौरा
गर्दन दर्द (सर्वाइकल)
रीढ़ की चोट, टी.बी
सिर दर्द, माइग्रेन
कमर दर्द, कंधों में दर्द
पीठ दर्द, रीढ़ की गांठ
सिर की चोट (हेड इंजरी)
हाथ पैरों में झनझनाहट
फालिज (लकवा)
नसों का दर्द
सियाटिका (कमर में पैरों का दर्द)
दिमागी में पानी व खून जमना
दिमाग, रीढ़ एवं नस सम्बन्धित सभी बीमारियों का इलाज एवं ऑपरेशन
Bareilly Neuro and Spine Super Speciality Centre
Google Maps Location
सी-427, डिवाइन अस्पताल के सामने, के.के. अस्पताल रोड, राजेन्द्र नगर, बरेली
7417389433, 7017678157
9897287601, 8191879754


# लाइन में फाल्ट से सैकड़ों गांव में 22 घंटे से बिजली आपूर्ति ठप

## देवरनियां में पावर ग्रिड की केबिल में फाल्ट से 10 खंभो के तार टूटे, जुटे रहे अफसर

संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** देवरनिया बिजलीघर से पोषित करीब 100 गांवों में शनिवार रात दो बजे से बिजली आपूर्ति ठप है, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार पावरग्रिड द्वारा डाली गई एक केबल में खराबी आ गई, जिसके चलते यूपी पावर कॉर्पोरेशन के वितरण खंड के लगभग 10 पोल के तार क्षतिग्रस्त हो गए। अचानक हुई इस तकनीकी खराबी से पूरे क्षेत्र की सप्लाई बाधित हो गई।



अटामांडा के पास खेत से गुजर रही लाइन को ठीक करते बिजली कर्मी।

बिजली गुल होने से लोगों को पेयजल, सिंचाई और घरेलू कार्यों में दिक्कतें उठानी पड़ रही हैं। गर्मी के चलते हालात और भी कठिन हो गए हैं। सूचना मिलते ही विभागीय टीम मौके पर पहुंची और मरम्मत कार्य शुरू किया गया। जेई सुशील मिश्रा रात में ही टीम के साथ फॉल्ट ठीक करने में जुटे रहे।

विभागीय अधिकारियों का कहना है कि क्षतिग्रस्त तारों को बदलने और लाइन दुरुस्त करने का काम तेजी से चल रहा है, ताकि जल्द से जल्द आपूर्ति बहाल की जा सके। हालांकि खबर लिखे जाने तक बिजली सप्लाई शुरू नहीं हो सकी थी, जिससे ग्रामीणों में नाराजगी बनी हुई है। देवरनियां मुड़िया जागीर के अलावा कमालपुर, गुना हट्टू, बैकरनंदा, भूला भुलानिया, सेमीखेड़ा, नगला, बिजपुरी, चठिया, पखुर्नी

अभयपुर, गनु नगला, उदारा समेत कई गांवों में बिजली आपूर्ति रात 11 बजे तक नहीं आई थी। जेई सुशील मिश्र रात में अटामांडा के जंगल में लाइन में कर्मचारियों से फुंके इंसुलेटर को दुरुस्त करा रहे थे। उन्होंने बताया कि उपभोक्ताओं को बिजली नहींआने से परेशानी हुई है। उपभोक्ताओं को रात में चैन की नींद मुहैया कराने के लिए वह जुटे हैं। बताया कि रात भर अलग अलग टीम लगी है।

### फतेहगंज पूर्वी में भी गायब रही बिजली

**फतेहगंज पूर्वी, अमृत विचार :** अस्पताल परिसर के पास स्थित नई कालोनी का ट्रांसफार्मर फुंक जाने से आधे कस्बे की बिजली आपूर्ति दिनभर ठप रही। इससे लोग परेशान रहे। लोगों ने बताया कि सुबह ट्रांसफार्मर में तेज आवाज के साथ खराबी आ गई, जिसके बाद इलाके की सप्लाई पूरी तरह बंद हो गई। जनता ने कर्मियों को सूचना दी तो उन्होंने छुट्टी का दिन होने की बात कही। दिनभर बिजली न रहने से घरों में लगे इनवर्टर भी शाम तक जवाब दे गए। जेई से संपर्क करने का प्रयास किया गया तो फोन रिसीव नहीं हुआ।

# युवक ने किशोरी को घर बुलाकर किया दुष्कर्म

संवाददाता, कैंट

**अमृत विचार :** डेढ़ माह पहले एक शादीशुदा युवक ने पड़ोस में रहने वाली किशोरी को बहला-फुसला कर घर में बुला लिया और उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना के बाद से किशोरी मानसिक तनाव में रहने लगी, । परिजनों ने वजह पूछी, तो किशोरी ने घटना के बारे में बताया, किशोरी की बड़ी बहन ने शनिवार को कैंट थाने में आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर रविवार को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

थाना कैंट क्षेत्र की रहने वाली एक युवती ने शनिवार को कैंट थाने में दी तहरीर में बताया कि 28 फरवरी को उसकी नाबालिग बहन (17 )को पड़ोस में रहने वाले शादीशुदा युवक सतीश गिरि ने बहला फुसलाकर घर में बुला लिया और वहां उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना के बाद से किशोरी गुमसुम रहने लगी। परिजन ने शनिवार को किशोरी से खाना कम खाने का कारण पूछा तो किशोरी ने घटना की जानकारी दी। परिजनों ने 112 पर सूचना देकर पुलिस को बुला लिया। पुलिस आने से पहले आरोपी घर से फरार हो गया। किशोरी को लेकर बड़ी बहन शनिवार को कैंट थाने पहुंची, और प्रार्थना पत्र देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने पोक्सो एक्ट तथा अन्य संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

### लड़की को भगा ले जाने का आरोप

**बहेड़ी, अमृत विचार :** गांव मनकापुर उर्फ मुसापुर के एक शख्स ने अपनी बहन को फुसलाकर भगा ले जाने की शिकायत पुलिस से की है। उसने इस मामले में 6लोगों के शामिल होने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। ग्राम पिताम्बरपुर थाना हाफिजगंज निवासी पुष्पेन्द्र कुमार समेत उसके परिवार के अन्य लोगों पर लड़की को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप है। पुलिस जांच में यह तथ्य भी सामने आया है कि करीब नौ माह पूर्व एक शादी समारोह में पुष्पेन्द्र कुमार की लड़की से मुलाकात हुई थी। प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### कूड़ा डालने जा रही युवती से छेड़छाड़, रिपोर्ट

**बिथरी चैनपुर, अमृत विचार :** घर से कूड़ा डालने गयी युवती का गांव के युवक ने दुपट्टा खींच लिया। जब युवती ने इसका विरोध किया तो युवक ने उसको जमीन पर गिरा कर जमकर पीटा। युवती के पिता की तहरीर पर पुलिस ने युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली युवती के पिता ने बताया कि उनकी बेटी सुबह गांव के बाहर घर का कूड़ा डालने जा रही थी। तभी रास्ते में गांव के ही रहने वाले प्रशांत पटेल ने उनकी बेटी का दुपट्टा खींच लिया जब बेटी ने विरोध किया तो युवक ने बेटी को जमीन पर गिराकर चप्पलों से पीटने लगा। थानाध्यक्ष राजेश बाबू मिश्रा ने बताया रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है।


MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005
40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
कैशलेस ईलाज
बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ

जीवनी बोन एण्ड हैल्थ क्लीनिक
डा. विनय गंगवार
एमबीबीएस (एएमयू), डी. आर्थो (एएमयू), डीएनबी आर्थो (दिल्ली) डीआईपी, फीफा (स्पोर्टस मेडिसिन)
हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ
डा. आंचल अग्रवाल
एमबीबीएस, एमडी (मेडिसिन) सीसीईबीडीएम, सीसीओपीएम (पीएचएफआई)
फीजिशियन
कुल्हा एवं घुटना प्रत्यारोपण, दूरबीन विधि द्वारा (Arthoscopic) घुटने का इलाज (ACL/PCL Tear) गठिया एवं समस्त जोड़ों के दर्द का इलाज, सियाटिका/कमर दर्द का इलाज, फिजियोथेरेपी, प्लास्ट एवं टूटी हड्डी (फ्रैक्चर) के समस्त ऑपरेशन
शुगर एवं ब्लड प्रेशर, खांसी, सांस में दर्द, भूख न लगना, उल्टी एवं दस्त की बीमारी, माइग्रेन का इलाज, पैरों में सूजन, पीलिया/काला पीलिया का इलाज, टीवी, गुर्दे में दिक्कत, कोलेस्ट्रॉल चेकअप, बुखार (डेंगू, टाइफाइड, मलेरिया)
ओपीडी समय : सुबह 10 बजे से दोपहर 12:30 बजे शाम 6 बजे से रात 8 बजे तक
बंसल इंटीरियर के सामने, 6-ए, मॉडल टाउन, स्टेडियम रोड, बरेली मो. 6396640323

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSC) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
कैशलेस, इंश्योरेंस, TPA व ESI आयुष्मान से अनुबन्धित अस्पताल
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
2D ECHO + TMT
हृदय रोग के लक्षण : ■ घबराहट ■ छाती में दर्द या भारीपन ■ सांस फूलना ■ पैरों में सूजन ■ हाई ब्लडप्रेशर ■ हाई कोलेस्ट्रोल ■ डाइबिटीज (शुगर) ■ सीने या पेट में जलन या दर्द ■ हार्ट अटैक ■ हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE DR. NITIN AGARWAL'S HEART CLINIC
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें :-
बिना सुई बिना टांका आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
100000 से अधिक आंखों के आपरेशन का अनुभव
सभी प्रकार के TPA कैशलेस/इंश्योरेन्स से इलाज की सुविधा उपलब्ध
मोतियाबिन्द ग्लूकोमा का डायग्नोसिस एवं उपचार अत्याधुनिक मशीनों द्वारा
8077344353 समय : प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
डॉ. आदित्य त्यागी MBBS, DOMS, DNB, MNAMS CARARACT REFRATIVE & GLAUCOMA SURGERON
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री आपरेशन की सुविधा
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली


### पत्नी को जहर देकर मारा, पति के खिलाफ तहरीर

**फरीदपुर, अमृत विचार :** दहेज के लिए परिजनों के साथ मिलकर प्रताड़ित करने के बाद जबरन जहर पिलाकर हत्या करने के आरोप में पति, देवर, सास ससुर के नाम मुकदमा दर्ज करने को तहरीर दी गई है। शाहजहांपुर के थाना मदनापुर निवासी रामौतार ने अपनी बेटी की शादी लगभग 6 वर्ष पूर्व फरीदपुर थाना क्षेत्र के मोहल्ला एकता नगर कॉलोनी निवासी राकेश के साथ की थी। राकेश की पहली पत्नी की मौत के बाद परिजन ने नया रिश्ता रखने के लिए उसकी मौसेरी बहन कमलेश के साथ दूसरा विवाह कर दिया जिसे एक बेटी (5)सुधा है। मृतका के पिता रामौतार के अनुसार 2 वर्षों से उनकी बेटी कमलेश को ससुराल वालों ने प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। वे सोने की चेन, अंगूठी और एक बाइक की मांग करने लगे। मांग पूरी न होने को देख रविवार को सभी ने एक राय होकर कमलेश को जबरन जहर पिला दिया जिससे उसकी मौत हो गई।

# पार्क में हो रही थी सफाई, अफवाह फैली आंबेडकर की मूर्ति लगाई

- बिना अनुमति मूर्ति लगाए जाने की सूचना पर पुलिस पहुंची, जांच में मामला निकला गलत

संवाददाता, आंवला

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम गोठा खंडुवा में बिना अनुमति मूर्ति स्थापित किए जाने की सूचना पर पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। सूचना पर पुलिस अफसर मौके पर पहुंचे तो पता चला मामला फर्जी है। ग्रामीणा आंबेडकर जयंती को लेकर पार्क की साफ सफाई करा रहे हैं।

गोठा गांव में बिना अनुमति आंबेडकर मूर्ति लगाने की सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी नितिन कुमार एवं प्रभारी निरीक्षक बीनू चौधरी मौके पर पहुंचेसीओ ने ग्रामीणों से बात की तो उन्होंने मूर्ति स्थापना की बात को खारिज कर 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती की तैयारियों के तहत अंबेडकर पार्क में साफ-सफाई का कार्य करने की बात कही। । राजकुमार सिंह गौतम ने बताया कि भविष्य में मूर्ति स्थापना के लिए प्रशासन को प्रार्थना पत्र देने की तैयारी की गई है, प्रधान पति विवेक शर्मा ने भी मूर्ति लगाने की सूचना को अफवाह बताया और कहा कि सफाई के दौरान बच्चों द्वारा गड्ढा किया गया था, जिसे बाद में भर दिया गया। प्रभारी निरीक्षक बीनू चौधरी ने बताया कि गोपनीय सूचना के आधार पर गांव में बिना अनुमति मूर्ति स्थापना की आशंका जताई गई थी। गांव में स्थिति पूरी तरह शांतिपूर्ण है और किसी प्रकार का तनाव नहीं है।



गोठा गांव में प्रधानपति के साथ डा. भीमराव आंबेडकर जयंती समिति के पदाधिकारी।

### कल आंबेडर जयंती, पार्क में नहीं लगी मूर्ति

**भुता, अमृत विचार :** 14 अप्रैल को आंबेडर जयंती मनाई जाएगी लेकिन भुता में थाने के सामने बने आंबेडकर पार्क में अभी तक मूर्ति नहीं लगाई गई। पिछले साल भी इस पार्क में बिना मूर्ति लगाने ही आंबेडकर जयंती मनाई गई थी। बता दे की बरेली बीसलपुर मुख्य मार्ग पर थाने के सामने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का एक पार्क बना है। जिसमें अभी तक बाबा साहब की मूर्ति स्थापित नहीं हुई है और पार्क परिसर में गदंगी फैली है। स्थानीय लोगों का कहना है पार्क में गेट दो दिन पहले ही लगा है। यह पार्क फिर से डलाव घर बनता जा रहा है। इस कारण स्थानीय लोगों में प्रशासन के खिलाफ आक्रोश है।

## न्यूज डायरी

### महाराणा सांगा की जयंती पर वीरगाथा का किया वर्णन



**भुता अमृत विचार :** सेवा ठाकुर महासभा द्वारा आयोजित महाराणा सांगा जयंती पर गोष्ठी में क्षत्रिय वीरों का सम्मान व उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किये गये। भुता ब्लाक के पिरथरा गांव में अंकुर सिंह के निवास पर महाराणा सांगा की जयंती पर मंडल अध्यक्ष अमित तोमर ने उनकी वीर गाथा का वर्णन किया। कार्यक्रम में शिव गोपाल सिंह व ठाकुर राजीव सिंह, जेपीएस तोमर, शिवराम सिंह, धीरज पाल सिंह, बलराम सिंह, रमेश सिंह, मुन्नू सिंह, गुलबीर सिंह, आदि वक्ताओं ने महाराणा सांगा उर्फ संग्राम सिंह की वीर गाथा का वर्णन किया। गोष्ठी में ब्लॉक उपाध्यक्ष कल्याण सिंह, ओमेंद्र प्रताप सिंह, अनुराग सिंह तोमर, शिवराम सिंह, मुन्ना सिंह कठेरिया, सुखपाल सिंह, आकाश ठाकुर, एकांश सिंह, अंशुल राज तोमर अमित चौहान, अंशु सिंह चौहान, सुमंत सिंह, प्रेम पाल सिंह आदि ने महाराणा सांगा के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनकी वीरता को याद किया गया।

### चित्रकला प्रदर्शनी में उपनिषद की झलक, दर्शकों की उमड़ी भीड़



**नवाबगंज, अमृत विचार :** गंगाशील महाविद्यालय, फैज़ुल्लापुर में आयोजित अखिल भारतीय चित्रकला प्रदर्शनी के दूसरे दिन दर्शकों की भीड़ रही। प्रदर्शनी में विभिन्न शहरों से आए कलाकारों और विद्वानों ने भाग लिया। प्रदर्शनी में प्रस्तुत कलाकृतियों में कलाकारों ने उपनिषद के दर्शन को चित्रों के माध्यम से प्रभावशाली ढंग से उकेरा, जिसे देखने वालों ने सराहा। दर्शकों ने कला वीथिका में प्रदर्शित कृतियों का रुचि के साथ अवलोकन किया। कार्यक्रम में विभिन्न शिक्षण संस्थानों के शिक्षक, छात्र-छात्राएं और कला प्रेमी उपस्थित रहे। आयोजकों के अनुसार, प्रदर्शनी सोमवार को भी दर्शकों के लिए खुली रहेगी।

### विधायक ने गांवों में किया जनसंवाद



**मीरगंज, अमृत विचार :** रविवार को क्षेत्रीय विधायक डॉक्टर डीसी वर्मा ने भाजपा के बस्ती चलो अभियान के तहत शाही और मीरगंज मंडल के गांवों में जनसंवाद कार्यक्रम में ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों ने गांव पहुंचकर लोगों से मुलाकात की और केंद्र व प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाना ही इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है। इसके अलावा गांव बहादुरपुर, समसपुर, सिमरिया, रमपुरा, असदनगर, हुरहुरी, सिरौधी अंगदपुर, बहरौली में संवाद किया गया। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख गोपाल कृष्ण गंगवार, रामशरण वर्मा, अजय वीर सिंह, के .पी राना, यशवंत चौधरी, गीता गुप्ता, डॉ भूप सिंह, रामभरोसे वर्मा, आदि उपस्थित रहे।

### शादी में मिले जेवर छीनकर निकाला

**नवाबगंज, अमृत विचार:** थाना नवाबगंज क्षेत्र की एक विवाहिता ने ससुराल पक्ष पर दहेज की मांग को लेकर मारपीट व उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की गुहार लगाई है। ग्राम गेलाटांडा निवासी महिला ने तहरीर में बताया कि ससुराल पक्ष दहेज से संतुष्ट नहीं था। आरोप है कि पति, सास, ससुर, जेठ उसे ताने देते और मारपीट करते थे। संतान न होने को लेकर भी उसे प्रताड़ित किया जाता था। रविवार कीसुबह ससुराल वालों ने उसे मिलकर पीटा और स्त्री धन छीनकर घर से निकाल दिया।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9756905552, 8445507002

आवश्यकता है
दुकान पर काम करने हेतु लड़कों की
संपर्क करें
कंपटीशन बुक हाउस
कॉलेज बुक हाउस
5, 6, 7 न्यू कॉलेज रोड मार्केट, बरेली

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

न्यूज ब्रीफ

### ट्रैक्टर चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सेहरामऊ दक्षिणी थाना क्षेत्र के गांव चांदापुर निवासी जुगेन्दर ने बताया कि शुक्रवार सुबह उसका चार साल का पोता रिवांश घर के बाहर लघुशंका कर रहा था। गांव के आदेश ने तेज गति से ट्रैक्टर-ट्राली को बैक किया, जिससे उसके पोता की दबकर मौत हो गई। पुलिस ने चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### किसी और से शादी करने पर युवती को धमकी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सेहरामऊ दक्षिणी के गांव बीबीपुर निवासी एक व्यक्ति ने थाने में दी गई तहरीर में बताया कि गांव का राधेश्याम उसकी पुत्री के साथ छेड़छाड़ करता है। 10 अप्रैल को आरोपी ने उसे और उसकी पुत्री को गालियां दी तथा एक लेटर दिया। लेटर लिखा था कि पुत्री की शादी किसी और के साथ की तो जान से मार डालेंगे। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### भाई-बहन को लाठी डंडों से पीटा

**कलान, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम गुदाह निवासी रमा देवी पत्नी रामऔतार वर्मा ने बताया कि उसका भाई बृजेश ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर घर आ रहा था, तभी रास्ते में गांव के कुछ लोगों ने उसे रोककर डंडे से मारपीट कर दी।

# मीरगंज में भात मांगने जा रहे परिवार संग हादसा, 12 घायल

## हाईवे पर रात में हुई दुर्घटना, टक्कर के बाद मची चीख पुकार तीन की हालत गंभीर

संवाददाता, मीरगंज

**अमृत विचार :** थाना मीरगंज क्षेत्र में रविवार रात 8 बजे नेशनल हाईवे पर दिल दहला देने वाला हादसा हो गया। रॉन्ग साइड दौड़ रहे टेंपो को बरेली की ओर से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। धमाके जैसी ठोकर से टेंपो में सवार करीब दर्जनभर लोग घायल हो गए। सड़क पर चीख-पुकार मच गई, राहगीर भिड़े।

पुलिस को सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची। ग्रामीणों की सहायता से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। प्राथमिक उपचार के बाद तीन गंभीरों को जिला अस्पताल रेफर किया गया। घायलों में शिवपुरी गांव के कल्लू पुत्र पीतम, पत्नी धनवती, बेटा निखिल, चमेली, पूजा, देवकली, हेमा, अबना, मनतसा और चालक दोदराम वर्मा शामिल। कल्लू की बेटी की 25 अप्रैल को शादी है। परिवार टेंपो से बीथम नौगवां गांव भात मांगने जा रहा था। नसरतगंज के 55 वर्षीय टेम्पों चालक दोदराम मीरगंज हाईवे पर अचानक वाहन को रॉन्ग साइड ले लिए,इसी दौरान बरेली की ओर से आ रहे एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने टेंपो में जोरदार टक्कर मार दी।राहगीरों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी और घायलों को अस्पताल पहुंचाने में मदद की।

### अगरास रोड पर बाइकों में टक्कर तीन लोग घायल,अस्पताल में भर्ती

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** रविवार को अगरास-शंखा रोड पर तेज रफ्तार दो बाइक भिड़ने से तीन लोग घायल हो गए।पुलिस ने घायलों को अस्पताल भेज दिया।जहां एक की हालत नाजुक बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक थाना शीशगढ़ के गांव के मीरपुर निवासी रजत बाइक से बरेली जा रहे थे।थाना भोजीपुरा के कस्बा धौरा निवासी कलीम हुसैन अपने दोस्त के साथ बाइक से शाही की ओर जा रहे थे।अगरास-शंखा रोड पर इंजीनियरिंग कालेज के सामने दोनों बाइक सवार आमने सामने से भिड़ गए।हादसे में दोनो बाइक पर बैठे तीनों लोग गंभीर घायल हो गए। उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया। जहां रजत की हालत नाजुक बताई जा रही है। दोनो बाइक सवार हेलमेट पहनें थे। जिससे सिर में चोट नहीं आने से दोनो बाइक चालक खतरे से बाहर बताए जाते है।

### नवाबगंज में कैंटर की टक्कर से टुक-टुक पलटी, महिला व बच्ची जख्मी

**नवाबगंज। अमृत विचार :** कस्बा नवाबगंज में रविवार शाम एक तेज रफ्तार कैंटर ने टुक-टुक को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे वाहन पलट गया और उसमें सवार महिला व मासूम बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसे के बाद चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। ग्राम खुण्डारा थाना जहानाबाद जिला पीलीभीत निवासी महेंद्रपाल की भाभी पुष्पा देवी अपनी 5 वर्षीय पुत्री मिताली के साथ बाजार से खरीदारी कर टुक-टुक से लौट रही थीं। तभी राइस मिल के पास तेज गति से आ रहे कैंटर ने टुक-टुक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इससे टुक-टुक पलटकर क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में पुष्पा देवी वाहन के नीचे दब गईं, जिससे उनका बायां पैर टूट गया, जबकि बच्ची मिताली को भी गंभीर चोटें आईं। घायलों को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया।महेन्द्र पाल ने थाने में तहरीर दी है।

### नैनीताल रोड पर चार कारें एक दूसरे से भिड़ीं, 3 घायल

**भोजीपुरा, अमृत विचार :** अटामांडा कॉलेज के पास नैनीताल हाइवे के क्रॉसिंग कट पर सोमवार रात भयावह सड़क हादसा हो गया। बहेड़ी की ओर से आ रहे धान लदे ट्रक ने कार को मोड़ते समय जोरदार टक्कर मार दी। इससे ट्रक के पीछे आ रही बाइक ट्रक से जा भिड़ी। बाइक पर सवार तीनों लोग दूर तक छिटक गए और उन्हें गंभीर चोटें आईं।कुछ ही पलों में ट्रक के पीछे से आ रही चार-पांच कारें आपस में टकरा गईं। गनीमत रही कि गाड़ियों की स्पीड कम थी, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। सूचना मिलते ही भोजीपुरा थाना प्रभारी इंस्पेक्टर राजीव कुमार सिंह अपनी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने तीनों घायलों को तत्काल अस्पताल भेजा। ट्रक को कब्जे में ले लिया गया है, लेकिन अभी किसी से तहरीर नहीं मिली। पुलिस कार्रवाई जारी है। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस कट पर आए दिन हादसे होते हैं। मुख्य कारण यहां का अंधेरा है। उन्होंने डिवाइडर पर रोशनी वाली लाइटें लगाने की मांग की।

### रेलवे जीएम के निरीक्षण से अफसरों की नींद उड़ी

**शाहजहांपुर अमृत विचार:** उत्तर रेलवे के जीएम के निरीक्षण कार्यक्रम को लेकर रेल अधिकारियों की नींद उड़ गई। अधिकारी अपने-अपने कार्य में जुटे हुए है और सफाई आदि व्यवस्था पर जोर दिया जा रहा है। इधर स्टेशन परिसर में पड़ा मलवा को हटाया जा रहा है और दीवार की पुताई कराई जा रही है।

उत्तर रेलवे के जीएम राजेश कुमार पाण्डेय सोमवार दोपहर सवा दो बजे रेलवे स्टेशन पर हो रहे अमृत योजना के तहत निर्माण कार्य स्वचालित सीढ़ियों, फुट ओवरब्रिज, प्लेटफार्म एक, सर्कुलेटिंग एरिया में चल रहे काम का निरीक्षण करेंगे। प्लेटफार्म एक आदि स्थानों पर रंगाई पुताई का कार्य तेजी से चल रहा है। पुराना जीआरपी और पुराना डाकघर को ढहा गया मलबे को हटाया जा रहा है। रेलवे स्टेशन पर सफाई व्यवस्था पर अधिक जोर दिया जा रहा है। मालगोदाम रोड पर रंगाई और पुताई आदि कार्य चल रहा है। प्लेटफार्म पर शौचालय का कार्य अधूरा पड़ा है। निरीक्षण कार्य में यह देखेंगे कि अमृत योजना के तहत कितना कार्य हो गया है। इधर अधिकारी अपने अभिलेखों को पूरा करने में जुटे हुए है। अधिकारी इस प्रयास में है कि स्टेशन पर जीएम को कोई खामियां न मिले। इधर रेल कर्मचारियों का आरोप है कि विभाग की ओर से सरकारी आवास की बाहर-बाहर पुताई कर दी गयी और मकान के अंदर पुताई नहीं की गयी।

## बिल्ली को है छींका टूटने का इन्तिज़ार

**बहेड़ी की डायरी/शुऐब**

कुर्सी की चाहत किसे नहीं होती। मौका कोई भी हो, अगर चूक गए तो पीछे खड़े होकर ही सही, कुर्सी की टेक पकड़ ली जाती है। फिर चाहे जितने धक्के लगें, पकड़ ढीली नहीं पड़ती। नेता जी की जनसभा हो तो आगे की कुर्सी पाने की होड़ अलग ही होती है। बस एक बार नजर मिल जाए, तो मानो किस्मत खुल गई। और अगर नाश्ते वाली मेज के पास की कुर्सी मिल जाए, तो अफसरों तक पहुंचने का रास्ता भी बन जाता है।

एक कुर्सी चेयरमैन की भी होती है, जिसे पाने की चाह रखने वाले पूरे शहर में गिने-चुने लोग ही होते हैं। यह कुर्सी मेहनत से कम और "ठप्पा" लगाने वालों की मेहरबानी से ज्यादा मिलती है। ऐसे में पांच साल जनता के लिए पसीना बहाने से आसान है सही वक्त पर सही लोगों को खुश करना। इसके लिए ज्यादा कुछ नहीं चाहिए, गांधी जी की तस्वीर वाले कागज ही काफी हैं। जितने वोटर, उतना हिसाब। जब वोट का रिश्ता नोट से जुड़ जाए, तो फिर न विकास मायने रखता है, न समस्याएं।शहर में टैक्स बढ़े या पानी की किल्लत हो, नालियां साफ हों या शहर डूब जाए, इन मुद्दों से किसी का क्या लेना-देना? जो इस दूध देती कुर्सी पर बैठ चुका है या बैठने का सपना देख रहा है, उसकी नजर बस उसी पर टिकी है। जनता की बुनियादी जरूरतें पीछे छूट जाती हैं, और कुछ सिरफिरे ही कागज लेकर दफ्तरों के चक्कर काटते नजर आते हैं।

उधर नेता जी खुद भी किसी ब्रांड एम्बेसडर से कम नहीं। कुछ भी बिकवाना हो, बस डील मजबूत होनी चाहिए। गुटखा हो या कोई और चीज, उनके चेहरे के भरोसे सब चलता है। चेतावनी लिख देने से सिस्टम भी संतुष्ट और बेचने वाले भी। ब्रांड एम्बेसडर का काम ही है चेहरा दिखाओ, माल बिकवाओ, इस्तेमाल करना जरूरी नहीं। अपने यहां भी ऐसे एम्बेसडर कम नहीं। एक हॉकर ने नेताजी के घर अखबार डाल दिया, मगर उसे क्या पता कि नेताजी अखबार खरीदते नहीं, उनकी खबर छपने से ही अखबार बिक जाता है। आखिर, वे भी तो एम्बेसडर ही ठहरे।

**और चलते -चलते**

न्योते के साथ दावत में परोसे जाने वाले व्यंजनों के नाम भी शायद उस पर दर्ज करने का चलन चल निकले.खाकी वालों से खबरचियों को मिले न्योते में चाय-पकौड़ी का ज़िक्र था.अब यह शुरू होने जा रही,नई व्यवस्था का संकेत है, या फिर बुलाने के लिए., वैसे साहब चाय-पकौड़ी से ज़रा सा इधर -उधर नहीं हुए.मेन्यु में पानी तक एड नहीं किया।

## किसान की दस वीघा गेहूं की फसल जलकर राख

संवाददाता, भुता


खेत में लगी आग के बाद किसानों में अफरातफरी मची। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** ब्लाक के ककरा खुर्द गांव खेत में खड़ी फसल आग से राख हो गई। इस घटना से किसान को भारी नुकसान हुआ है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है। ग्राम निवासी सुमेरलाल के खेत मे गेहूं की खड़ी फसल में दोपहर करीब ढाई बजे अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और लगभग दस बीघा फसल जलकर नष्ट हो गई। ग्रामीणों ने किसी तरह आग पर काबू पाया।

घटना की सूचना ग्रामीणों ने लेखपाल सुरजीत को दी, लेकिन वह मौके पर नहीं पहुंच सके। बाद में वीडियो के माध्यम से उप जिलाधिकारी मल्लिका नैन को घटना की जानकारी देते हुए रिपोर्ट भेज दी गई। ग्राम प्रधान सतीश सिंह ने बताया कि लेखपाल ने सोमवार को मौके पर निरीक्षण करने के लिए अगले दिन पहुंचेंगे।

### बिजली का तार टूटने से फसल जलकर राख

**फरीदपुर अमृतविचार :** ढकनी रजपुरी गांव में गेहूं की तैयार फसल के ऊपर से गुजर रही एचटी लाइनका तार गिर गया। इससे निकली चिंगारी से आठ बीघा फसल राख हो गई। फरीदपुरके गांव ढकनी रजपुरी गांव निवासी मुनेद्र सिंहरविन्द्र सिंह देवेन्द्र सिंह सुरेन्द्र सिंह आदि की गेहूं की 8 बीघा फसल तैयार खड़ी थी। खेत के ऊपर से गुजर रही एचटी लाइन की जर्जर लाइन का तार शाम लगभग सात बजे गिर गया। शनिवार की शाम लगभग 7 बजे रविन्द्र को फोन पर सूचना मिली की खेत में आग लग गई। मौके पर पहुचने से पहले दमकल को फोन किया। एक घंटे बाद गांव में गाड़ी पहुंची। कर्मचारियों ने कहा रास्ता खराब है गाडी नहीं जाएगी। उसके बाद ग्रामीणों ने अपनी जान जोखिम में डालकर ट्रैक्टर से जुताई कर आसपास की फसल को बचाया। तब तक आठ बीघा फसल जलकर राख हो गई।

## जांच को एजेंसी पहुंचे नायब तहसीलदार


शिकायत की जांच को पहुंचे नायब तहसीलदार को उपभोक्ताओं ने शिकायते बताईं।

**मीरगंज, अमृत विचार:** एसडीएम से शिकायत मिलने के बाद रविवार को एक जांच टीम गांव लालपुर की एक गैस एजेंसी पहुंची। टीम ने एजेंसी का निरीक्षण किया। दर्जनों उपभोक्ताओं को सिलेंडर न मिलने, ऑनलाइन डिलीवरी दिखाए जाने और बीमा के नाम पर अवैध वसूली से संबंधित शिकायतें थीं।जाँच टीम के पहुँचते ही उपभोक्ताओं ने शिकायतों की झड़ी लगा दी। बैरमनगर निवासी आरिफ ने बताया कि उन्होंने छह महीने से सिलेंडर नहीं लिया है, लेकिन ऑनलाइन लगातार सिलेंडर की डिलीवरी दिखाई जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि 24 मार्च को एजेंसी ने धोखाधड़ी से उनके नाम पर सिलेंडर निकाल लिया। जब वे बुकिंग कराने गए, तो उन्हें न तो बुकिंग मिली और न ही सिलेंडर दिया गया। बुझिया जागीर निवासी सद्दीकन पत्नी नन्हे ने बताया कि 4 मार्च को उनका सिलेंडर ऑनलाइन निकालकर बेच दिया गया। शाही के मोहल्ला ठाकुर द्वारा निवासी शरद ने भी शिकायत की कि 19 मार्च को उनका सिलेंडर बेच दिया गया। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन हर महीने सिलेंडर निकालकर बेचा जा रहा है, जबकि उन्होंने कई महीनों से सिलेंडर नहीं लिया है।

नगरिया सोवरनी निवासी सत्यपाल यदुवंशी ने नायब तहसीलदार से शिकायत की कि उनकी बेटी की 29 अप्रैल को शादी है। उन्होंने एसडीएम को प्रार्थना पत्र देकर शादी के लिए सिलेंडर उपलब्ध कराने की गुहार लगाई थी, लेकिन एजेंसी ने सिलेंडर नहीं दिए। सत्यपाल यदुवंशी और दर्जनों अन्य उपभोक्ताओं ने, जिन्होंने छह-छह महीने से सिलेंडर नहीं लिए और उनके सिलेंडर ऑनलाइन निकालकर बेच दिए गए हैं, एजेंसी पर कालाबाजारी का आरोप लगाया।

## भाजपा भुता मंडल की बैठक संपन्न

**भुता, अमृत विचार:** कस्बा में मंगलवार को भाजपा भुता मंडल की बैठक सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित की गई। बैठक में ग्राम संयोजक महेंद्र देव सक्सेना उपस्थित रहे । इसकी अध्यक्षता छत्रपाल गंगवार ने की। बैठक में सभी पदाधिकारीयों को गांव गांव व बस्ती चलो अभियान के तहत जनता को पार्टी की नीतियों के तहत जागरूकता अभियान चलाने का लक्ष्य रखा गया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को जन जन पहुंचाना ही पार्टी का लक्ष्य है। इस कार्य को कार्यकर्ताओं को पूरा करना है। ताकि जनता को योजनाओं का लाभ मिल सके और सरकार का उदेश्य पूरा हो सके। इस कार्यक्रम की मुख्य वक्ता भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुभाषिनी जायसवाल रही। इनके अलावा मंडल के निम्न कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

## वार्षिकोत्सव में मेधावी सम्मानित


समारोह में ब्लाक प्रमुख को स्मृति चिह्न देते अफसर। ● अमृत विचार

**शेरगढ़, अमृत विचार :** क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय बैरमनगर में वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभा अलंकरण समारोह में मुख्य अतिथि रहे ब्लॉक प्रमुख भूपेंद्र कुर्मी ने कहा कि शिक्षा के बिना किसी भी क्षेत्र में विकसित होने की कल्पना नहीं की जा सकती। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों को शिक्षा दिलाने पर जोर दिया। विद्यालय परिसर में प्रधान शमशुल खां की अध्यक्षता में हुए समारोह में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस दौरान कक्षा 5 उत्तीर्ण करने वाले छात्र-छात्राओं को विदाई भी दी गई। बीईओ मुकेश भारती ने शिक्षकों से 6 से 14 वर्ष तक के बच्चों का नामांकन करने को प्रेरित किया।

प्रधानाध्यापक राजीव शर्मा ने कहा कि 1 अप्रैल से प्रवेश उत्सव का शुभारंभ हो चुका है। गांव वासी अपने बच्चों का नामांकन प्राथमिक विद्यालय में कराएं। इस अवसर पर रमेश चंद्र शर्मा,एआरपी शिखा भारतीय ,महिमा दीक्षित,धर्मेंद्र कुमार,जयपाल श्रीवास्तव,वीरेंद्र कुमार,अरविंद कुमार सिंह,शुभम गंगवार,राज कपूर,धर्मवीर,शोहरत खान,इमरान खान,अनीता देवी, अक्षय शर्मा आदि मौजूद रहे। और बीईओ ने विद्यालय में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्रा-छात्राओं को पुरस्कृत किया।

## नवाबगंज में गांव से एक किमी दूर बोरे पर लेटी मिली खेत से गायब मासूम

संवाददाता, नवाबगंज।


सुरक्षित मिलने के बाद मां की गोद में तौसीबा।

● कई घंटे बाद ट्यूबवेल पर मिली सभी ने ली राहत की सांस

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के अधकटा नजराना गांव में शनिवार रात उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब गेहूं की खंदाई के दौरान खेत में सो रही ढाई साल की बच्ची अचानक लापता हो गई। परिजनों और ग्रामीणों की घंटों चली तलाश के बाद बच्ची गांव से करीब एक किलोमीटर दूर ट्यूबवेल पर बोरे में लेटे सुरक्षित मिल गई, जिससे सभी ने राहत की सांस ली।

शनिवार को गांव निवासी मुस्तफा परिवार के साथ खेत में थ्रेसर से गेहूं की खंदाई कर रहे थे। काम के दौरान उनकी पत्नी नईमा बानो ने ढाई साल की बेटी तौसीबा को पास ही खेत में सुला दिया था। परिवार के अन्य सदस्य खंदाई के काम में जुटे हुए थे। रात 11 बजे मां ने देखा तो बच्ची गायब थी। तुरंत बच्ची की तलाश शुरु हो गई। मजदूरों और ग्रामीणों ने सहयोग किया। पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। सभी ने तलाश किया लेकिन वह नहीं मिली। काफी देर तक बच्ची का पता नहीं चला। कई घंटे की मशक्कत के बाद ग्रामीणों को बच्ची गांव से करीब एक किलोमीटर दूर बंटू के ट्यूबवेल पर बोरे पर लेटी हुई मिली। बच्ची के सुरक्षित मिलने पर परिजनों के चेहरे खिल उठे और गांव में राहत का माहौल बन गया।

नवनिर्माण के 9 वर्ष


स्वर्णिम विकास का संकल्प
यूपी का संपूर्ण कायाकल्प

महर्षि शुकदेव की पावन धरा मुजफ्फरनगर में
₹951 करोड़+ की लागत वाली 423 परियोजनाओं का
लोकार्पण एवं शिलान्यास

पुण्यश्लोक लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर जी की
प्रतिमा का अनावरण

रोजगार मेले में प्रतिभाग एवं
नियुक्ति पत्रों का वितरण

द्वारा
योगी आदित्यनाथ
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश



गरिमामयी उपस्थिति
जयंत चौधरी
राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), कौशल विकास और उद्यमिता तथा MoS शिक्षा, भारत सरकार
प्रो. एस. पी. सिंह. बघेल
राज्य मंत्री, मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय तथा पंचायती राज, भारत सरकार
अनिल कुमार
मंत्री, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, उत्तर प्रदेश
कपिल देव अग्रवाल
राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), व्यवसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास, उत्तर प्रदेश
सोमेन्द्र तोमर
राज्य मंत्री, ऊर्जा एवं वैकल्पिक ऊर्जा, उत्तर प्रदेश
चंदन चौहान — सांसद, बिजनौर
डॉ. वीरपाल निर्वाल — अध्यक्ष, जिला पंचायत, मुजफ्फरनगर
राजपाल सिंह बालियान — विधायक, बुढ़ाना
मदन भैया — विधायक, खतौली
मिथिलेश पाल — विधायक, मीरापुर
वन्दना वर्मा — सदस्य, विधान परिषद
मीनाक्षी स्वरूप — अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर

लोकार्पण की जाने वाली प्रमुख योजनाएं
- बेहड़ा सादात से मेरठ पौड़ी मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण
- मंसूरपुर में शाहपुर के किमी. 1 से किमी. 16 तक के मार्ग का सुदृढ़ीकरण
- शुक्रतीर्थ में लाइट एंड साउंड शो का कार्य
- नगर पंचायत चरथावल पेयजल पुनर्गठन योजना

शिलान्यास की जाने वाली प्रमुख योजनाएं
- खतौली रेलवे स्टेशन पर 2 लेन का रेल उपरिगामी सेतु
- छपार-रोहना-चरथावल मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण
- खतौली-मीरापुर मार्ग का पेव्ड शोल्डर के साथ चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण
- मुजफ्फरनगर जेल गेट से गांधी कॉलोनी, पचेंडा रोड होते हुए बाईपास तक नाला निर्माण
- राजकीय इंटर कॉलेज परिसर में 800 लोगों की क्षमता वाला ऑडिटोरियम

एवं अन्य गणमान्य महानुभाव
दिनांक : 13 अप्रैल, 2026 | समय : अपराह्न 1:15 बजे | स्थान : नुमाइश मैदान, मुजफ्फरनगर

प्रमुख आकर्षण
- उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन की पुस्तक 'कौशल दर्शन' का विमोचन • देश में AI विश्वविद्यालयों की रूपरेखा पर रिपोर्ट 'ए.आई. सेंटीमेंट एंड रेडीनेस' की लॉन्चिंग
- महिला उद्यमिता कार्यक्रम हेतु नीति आयोग और एन.एस.डी.सी. के बीच एम.ओ.यू.

विकास की गति अपार-डबल इंजन सरकार

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश
लाइव प्रसारण DD NEWS & Youtube.com/DDNEWS
UPGovtOfficial CMOUttarpradesh CMOfficeUP

